RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार, 23 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 240 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# पवार की इतनी तारीफ क्या गठबंधन को तोड़ने की है कोशिश?

**महाराष्ट्र : अगले लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र की राजनीति कुछ नई करवट लेते हुए दिख रही है. सियासत की फितरत ये है कि वहां अपना फायदा देखे बगैर सत्ता को संभालने वाला कोई भी शख्स अपने विरोधी की तारीफ यों ही नहीं करता. शिवसेना से बगावत करके बीजेपी के समर्थन से प्रदेश के मुख्यमंत्री बने एकनाथ शिंदे पिछले तीन महीने से ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ रहे, जब उन्होंने सार्वजनिक मंच से एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार की तारीफों के पुल बांधने में कोई कसर छोड़ी हो. इसलिए सियासी गलियारों में सवाल उठ रहा है कि कहीं ये महा विकास अघाड़ी गठबंधन को तोड़ने की कवायद का हिस्सा तो नहीं है?**



आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता के सूत्रधार चाहे नीतीश कुमार बनें या फिर तेलंगाना के सीएम केसीआर या फिर ममता बनर्जी लेकिन शरद पवार पहले दिन से ये कहते आये हैं कि कांग्रेस के बगैर विपक्ष की एकता का न तो कोई मतलब है और न ही उसके बगैर बीजेपी को टक्कर दी जा सकती है. कुछ यही बात महा विकास अघाड़ी में शामिल उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिव सेना भी कह चुकी है. यही नहीं, पार्टी के नेता संजय राऊत तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर इसकी तस्दीक कर चुके हैं कि आगामी चुनाव में भी कांग्रेस और शिव सेना का ये गठबंधन बरकरार रहेगा. इसलिये महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे द्वारा शरद पवार की बार-बार तारीफ किये जाने को पवार पर सियासी डोरे डालने के तौर पर देखा जा रहा है ताकि वे महाराष्ट्र में बने इस गठबंधन से बाहर निकलकर अपनी स्वतंत्र हैसियत में आ जाएं. जाहिर है कि पवार बीजेपी का साथ तो कभी नहीं देंगे लेकिन महा विकास अघाड़ी से अगर एनसीपी बाहर आ जाती है तो महाराष्ट्र में उसका सीधा फायदा बीजेपी को ही मिलेगा. चर्चा है कि शिन्दे को ये जिम्मेदारी सौंपने की बड़ी वजह ये है कि उनके पवार के साथ न सिर्फ नजदीकी रिश्ते हैं बल्कि वे उन्हें आज भी खुले तौर पर अपना मार्गदर्शक मानते हैं. पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट की 46 वीं वार्षिक आम सभा की बैठक में बोलते हुए एकनाथ शिंदे ने शरद पवार की जमकर तारीफ की. उन्होंने राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर नीति-निमार्ताओं का मार्गदर्शन करने में पवार की दरियादिली का हवाला देते हुए ये भी कह दिया कि कोई भी शरद पवार के महत्व को नजरअंदाज नहीं कर सकता है. मंच पर शरद पवार की मौजूदगी में शिंदे ने ये कबूलने से भी कोई गुरेज नहीं किया कि

**मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की शरद पवार की तारीफ...**

वरिष्ठ नेता शरद पवार सीधे उन मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए उन्हें बुलाते हैं, जो राज्य के हित में है.

हालांकि शिंदे द्वारा पवार की इतनी तारीफ करने के बाद उद्धव ठाकरे और पार्टी के बाकी नेताओं के कान खड़े हो गये हैं कि दिल्ली दरबार से ये कौन -सी नई खिचड़ी पकाने की कोशिश हो रही है. दरअसल, पुणे के मंच से मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा है कि, 'शरद पवार राज्य और राष्ट्रीय स्तर के एक अनुभवी नेता हैं. सहकारी क्षेत्र में उनका योगदान बहुत बड़ा है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. शिंदे ये बताना भी नहीं भूले कि 'सुझाव और सलाह देने के लिए शरद पवार अक्सर मुझे टेलीफोन करते हैं.

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर महाराष्ट्र की जेलों से 189 कैदियों को किया जाएगा रिहा...



**महाराष्ट्र :** आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार के विशेष छूट कार्यक्रम के तहत गणतंत्र दिवस पर महाराष्ट्र की जेलों से कुल 189 कैदियों को रिहा किया जाएगा, जिनमें से तीन ठाणे सेंट्रल जेल से हैं। एक अधिकारी ने कहा कि ठाणे के तीन कैदी हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों के लिए जेल की सजा काट रहे हैं। अधिकारी कहा, ''विशेष छूट कार्यक्रम के तहत कुछ कैदियों को सजा की अवधि दौरान अच्छे आचरण के लिए 26 जनवरी और 15 अगस्त को रिहा किया जाएगा। महाराष्ट्र के कुल 189 कैदियों को रिहा किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि कैदियों का चयन उम्र, जेल में बिताए समय, दिव्यांगता, स्वास्थ्य समेत अन्य पहलुओं के आधार पर किया जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि ठाणे सेंट्रल जेल में 4,569 कैदी हैं, जिनमें 132 महिलाएं हैं। इनमें 52 कैदी 70 साल से ऊपर के हैं और 386 कैदी 20 साल से कम उम्र के हैं। हालांकि, जेल की क्षमता सिर्फ 1,105 कैदियों की है। उन्होंने कहा कि रिहा किए जाने वाले कुल कैदियों में 30 बांग्लादेशी और इतनी ही संख्या में नाइजीरियाई शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में जेल के कैदियों की कुल संख्या 43,090 है।

## पालघर में बिल को लेकर विवाद में लोगों ने अस्पताल प्रमुख पर किया हमला... जमकर की तोड़फोड़!



**पालघर : महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक घटना सामने आ रही है जहां एक मरीज के चिकित्सा बिल को लेकर विवाद के बाद लोगों के एक समूह ने अस्पताल के मलिक पर कथित तौर पर हमला कर दिया और अस्पताल में बुरी तरह से तोड़फोड़ की गई।**

**कितने लोगों को किया गया है गिरफ्तार ?**

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को हुई इस घटना में अस्पताल प्रमुख गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बालासाहेब पाटिल ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि करीब 20 से 25 लोग बोईसर इलाके में स्थित अस्पताल में घुस गए और डॉक्टरों पर हमला करने के साथ ही वहां तोड़फोड़ की। उन्होंने कहा कि एक मरीज के चिकित्सा बिल को लेकर हुए विवाद के बाद यह हमला किया गया।

**पूरे मामले पुलिस प्रशासन का क्या कहना है?**

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, अस्पताल के प्रमुख डॉ. स्वप्निल शिंदे हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पड़ोसी राज्य गुजरात के वापी शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिंदे ने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के पदाधिकारी अस्पताल में मरीजों के बिल में कमी की मांग कर रहे थे। उन्होंने आगे दावा किया, ''हम तैयार हैं, लेकिन वे (मनसे) कभी बिल का भुगतान नहीं करते हैं।

**किन धाराओं में किया गया केस दर्ज?**

पाटिल ने बताया कि घटना के सिलसिले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और महाराष्ट्र चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था (हिंसा और संपत्ति के नुकसान का निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, उन्होंने थाने पहुंचे डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल को सुरक्षा का आश्वा सन दिया है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# आंतरिक सुरक्षा

सभी राज्यों के पुलिस बलों के साथ अर्द्धसैनिक संगठनों के प्रमुखों की वार्षिक बैठक में जिन विषयों पर विस्तार से चर्चा होने की आशा है, उनमें प्रमुख हैं साइबर सुरक्षा, मादक पदार्थों की तस्करी और सीमा पार से उभरते खतरे। यह स्पष्ट ही है कि इसके अतिरिक्त खालिस्तानी तत्वों की सक्रियता और नक्सली संगठनों की गतिविधियों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वास्तव में इस बैठक में हर उस गतिविधि का संज्ञान लिया जाना चाहिए, जो आंतरिक सुरक्षा के समक्ष चुनौती पैदा करती है। आम तौर पर जब कभी आंतरिक सुरक्षा को लेकर चर्चा होती है तो आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

नि:संदेह यह आवश्यक है, लेकिन इसी के साथ यह भी जरूरी है कि कानून एवं व्यवस्था को चुनौती देने वाली प्रत्येक गतिविधि पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। ऐसा किया जाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि जो तत्व प्रारंभ में कानून एवं व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी करते हैं, उनमें से कुछ बाद में आंतरिक सुरक्षा को भी चुनौती देने लगते हैं। इसका उदाहरण हैं वे गैंगस्टर, जो देश विरोधी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। कई तरह के माफिया भी यह काम करते हैं। इनमें मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी करने वाले प्रमुख हैं। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि नक्सली संगठनों तक हर किस्म के आधुनिक हथियार पहुंचाने का काम संगठित अपराध में लिप्त तत्व ही कर रहे हैं।

आंतरिक सुरक्षा पर आयोजित सम्मेलन में इस पर भी चर्चा आवश्यक है कि पुलिस छोटे समझे जाने वाले अपराधों पर भी उतनी ही गंभीरता से ध्यान दे, जितना वह बड़े अपराधों पर देती है। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि आम तौर पर उसका ध्यान संगीन अपराधों पर रहता है। इसका परिणाम यह होता है कि छोटे अपराध करने वाले तत्वों का दुस्साहस बढ़ता है और फिर वे कानून एवं व्यवस्था के लिए चुनौती बनकर आंतरिक सुरक्षा के परिदृश्य को बिगाड़ने का काम करते हैं। जब ऐसा होता है तो आम आदमी की चिंताएं तो बढ़ती ही हैं, पुलिस और राज्य सरकार की छवि भी प्रभावित होती है।

समझना कठिन है कि पुलिस सामान्य अपराधों की रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी क्यों करती है? यदि रिपोर्ट दर्ज भी हो जाती है तो मामले की छानबीन में उदासीनता बरती जाती है। इससे आम आदमी का पुलिस पर भरोसा घटता है। पुलिस जिस तरह सामान्य अपराधों को गंभीरता से नहीं लेती, उसी तरह वह सड़कों पर अतिक्रमण और सरकारी अथवा गैर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों की भी अनदेखी ही अधिक करती है। लोग यातायात नियमों का पालन करें, यह भी पुलिस की प्राथमिकता में मुश्किल से ही होता है। उचित यह होगा कि आंतरिक सुरक्षा सम्मेलन में पुलिस के काम करने के तौर-तरीकों पर गंभीरता से चर्चा हो। इससे ही आंतरिक सुरक्षा का माहौल बेहतर होगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 30 साल से अधिक उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है



**मुंबई:** हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) एक खतरनाक बीमारी है। इस बीमारी से झुग्गियों में रहनेवाला हर आठवां व्यक्ति ग्रसित पाया गया है। इस बात का पता बीएमसी द्वारा की जा रही डोर टू डोर स्क्रीनिंग में चला है। बीएमसी का स्वास्थ्य विभाग 30 साल से अधिक उम्र के अब तक 32 हजार से अधिक लोगो की स्क्रीनिंग कर चुका है। इसमें 4400 से अधिक लोग हाइपरटेंशन से पीड़ित पाए गए हैं। बता दें कि इस नए वर्ष में बीएमसी ने 30 साल से अधिक उम्र में हाइपरटेंशन का प्रमाण जानने के लिए 4 जनवरी से डोर टू डोर स्क्रीनिंग शुरू की है। यह स्क्रीनिंग हर बुधवार को कम्युनिटी और आशा वर्कर्स के मार्फत की जाती है। यह स्क्रीनिंग स्लम और स्लम जैसे इलाकों में की जा रही है। 4 जनवरी से लेकर अब तक 22 वॉर्डों में 32 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। बीएमसी स्वास्थ्य विभाग की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंगला गोमारे ने बताया कि इस स्क्रीनिंग में 4436 लोग हाइपरटेंशन से पीड़ित पाए गए हैं, जबकि 2247 लोग हाइपरटेंशन के संदिग्ध मरीज पाए गए हैं।

**पहले भी मिल चुके हैं संदिग्ध मरीज**

हाइपरटेंशन और डायबीटीज की स्क्रीनिंग के लिए बीएमसी ने अपने अस्पतालों में एनसीडी कॉर्नर शुरू किया है। इन 15 एनसीडी कॉर्नर में 2 अगस्त से 14 जनवरी तक 83 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसमें हाइपरटेंशन के 9351 लोग संदिग्ध मरीज पाए गए हैं, जबकि डायबीटीज के 9028 संदिग्ध मरीज मिले हैं। हाइपरटेंशन और डायबीटीज दोनों बीमारियों के 4 फीसदी संदिग्ध मरीज मिले हैं।

**क्या कहते हैं डॉक्टर**

सायन अस्पताल के कार्डियक सर्जन डॉ. प्रशांत मिश्र ने बताया कि हाइपरटेंशन एक खतरनाक बीमारी है। दरअसल, यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें धमनियों में रक्त का दबाव काफी बढ़ जाता है और इसके कारण रक्त की धमनियों में रक्त का प्रवाह बनाए रखने के लिए हृदय को सामान्य से अधिक काम करने की जरूरत पड़ती है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा पड़ने की बड़ी वजह हाइपरटेंशन ही होती है। इसके अलावा इससे मस्तिष्क, किडनी और अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

# औरंगाबाद में फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा, लोन के नाम पर हो रही थी ठगी




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में फर्जी कॉल सेंटर के जरिए लोगों को निशाना बनाया जा रहा था, जिसका पुलिस ने खुलासा किया. इस फर्जी कॉल सेंटर से लोगों को लोन और ईएमआई का भुगतान करने के लिए लोगों को धमकाया जा रहा था. औरंगाबाद और देहरादून पुलिस ने मिलकर इसका पदार्फाश किया है. यह फर्जी कॉल सेंटर शोएब कुरैशी पैठण गेट इलाके में कॉल सेंटर चला रहा था, जिसमें करीब 150 युवतियां काम कर रही थीं, जिन्हें पंद्रह हजार रुपये तक वेतन दिया जा रहा था.

देहरादून पुलिस की मदद से छापेमारी कर बड़ी संख्या में सिम कार्ड वाले मोबाइल और दो तलवारें भी बरामद की गयी. कार्रवाई दोपहर 12 बजे शुरू हुई और करीब 1 बजे तक चली. इसमें पुलिस को कॉल सेंटर से इंस्टैंट लोन ऐप के जरिए लोन लेने वालों को ब्लैकमेल करने के सबूत मिले हैं.

# एमवीए नेता पुणे विधानसभा उपचुनाव लड़ने के पक्ष में - अजित पवार



**महाराष्ट्र :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने शनिवार को कहा कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के नेताओं का मत है कि पुणे में चिंचवाड़ और कस्बा पेठ विधानसभा क्षेत्रों के आगामी उपचुनावों में एमवीए उम्मीदवार उतारे जाएं। दोनों सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों की हाल ही में हुई मृत्यु के कारण खाली हुई थीं। पवार ने कहा कि शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले, उनके राकांपा समकक्ष जयंत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेता 24 जनवरी को मुंबई में बैठक करेंगे। उन्होंने कहा, ''चिंचवाड़ से राकांपा के कई पदाधिकारियों ने मुझसे कहा कि हमें उपचुनाव लड़ने की जरूरत है।'' चिंचवाड़ और कस्बा पेठ विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व क्रमशः लक्ष्मण जगताप और मुक्ता तिलक ने किया था। तिलक का पिछले दिसंबर में और जगताप का इस महीने के शुरू में निधन हो गया था।

चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उपचुनाव 27 फरवरी को होंगे और परिणाम दो मार्च को घोषित किए जाएंगे। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''महा विकास आघाड़ी के नेताओं का मानना है कि हमें कस्बा पेठ और चिंचवाड़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव लड़ना चाहिए।'' वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद गठित एमवीए में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट, शरद पवार के नेतृत्व वाली रांकापा और कांग्रेस शामिल हैं। पवार ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा दिवंगत जगताप की पत्न ी या उनके भाई शंकर जगताप को चिंचवाड़ उपचुनाव के लिए टिकट दे सकती है। उन्होंने कहा, ''मैंने यह भी सुना है कि दिवंगत मुक्ता तिलक के परिवार के सदस्य भी उपचुनाव लड़ने के पक्ष में हैं।''

# दादा को इलाज का झांसा देकर मुंबई ले गया पोता...

## नशीली दवा खिलाकर करोड़ों की संपत्ति हड़पी




**महाराष्ट्र :** लखनऊ के इंदिरानगर सी-ब्लॉक में पोता हर्ष पांडेय 86 वर्षीय दादा त्रिवेणी प्रसाद पांडेय को इलाज का झांसा देकर मुंबई ले गया। उनको नशीली दवाइयां खिलाकर बेसुध कर दिया और करोड़ों की संपत्ति अपने नाम करवा ली। साथ ही 21 लाख नकद हड़प लिए। तबीयत अधिक खराब होने पर बेटी मुंबई पहुंची और पिता को लखनऊ ले आई। तबीयत में सुधार होने पर पीड़ित ने गाजीपुर थाने में केस दर्ज कराया है। इंदिरानगर सी ब्लॉक निवासी त्रिवेणी प्रसाद पांडेय के मुताबिक, उनके दोनों बेटों अरुपा व रवींद्र का निधन हो चुका है। वे खुद लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। बताया कि उनकी शंकरपुरवा में 13 दुकानों की कमला मार्केट है। इसकी कीमत करोड़ों में है।

त्रिवेणी प्रसाद के मुताबिक, पोता हर्ष पांडेय मुंबई में रहता है। छह अगस्त 2022 को हर्ष उन्हें मुंबई ले गया था। आरोप है कि इलाज के नाम पर नशीली गोलियां खिलाता रहा। इससे सोचने-समझने की क्षमता खत्म होती गई। इस दौरान 19 अगस्त से 28 सितंबर के बीच हर्ष ने उनके तीन बैंक एक्सिस, बैंक ऑफ इंडिया व इंडियन ओवरसीज बैंक के खातों से 21 लाख रुपये निकाल लिए। इसके बाद 29 अक्तूबर को दादा को लखनऊ ले आया। यहां रजिस्ट्रार कार्यालय में ले जाकर अमेठी स्थित जमीन व कमला मार्केट अपने नाम करवा ली, जबकि मकान अपने भाई कुशाग्र पांडेय के नाम कर दिया।

**आईसीयू में करना पड़ा भर्ती, तबीयत सुधरी तो खुला राज**

हर्ष अपने दादा को लेकर दोबारा मुंबई गया तो उनकी तबीयत और बिगड़ गई। उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया और बुआ व अन्य परिजनों को जानकारी दी। त्रिवेणी प्रसाद की बेटी व बहन मुंबई पहुंचे और 23 नवंबर को उन्हें लखनऊ ले आए। तबीयत में सुधार होने के बाद उन्होंने पोते की करतूत बताई। एसीपी गाजीपुर ने जांच कराई। इसके बाद हर्ष पांडेय, उनकी पत्नी व चार अन्य अज्ञात पर केस दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## 19 साल के लड़के ने हाथ में तलवार लहराते हुए शेयर किया वीडियो, हुआ गिरफ्तार



**मुंबई :** सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए लोग तरह-तरह के अतरंगी अंदाज में वीडियो-रील बनाते दिखाई देते हैं. लाइक्स और व्यूज पाने के लिए कानून का भी उल्लघंन कर देते हैं. ऐसा ही एक मामला अब महाराष्ट्र के नासिक शहर से सामने आया है. यहां एक 19 साल का लड़के ने हाथ में हथियार लहराते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर की है. ये लड़का नासिक शहर के भरत नगर का रहने वाला है जिसका नाम फैजान शेख है. फैजान ने हाथ में तलवार लहराते हुए एक वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की. पुलिस को जैसे ही इसकी जानकारी मिली उन्होंने जांच शुरू कर फैजान को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने जब उससे तलवार के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने भारत नगर में रहने वाले सचिन शरद इंगोले से तलवार ली थी.

# नाबालिग लड़की से पड़ोसी ने किया बार-बार दुष्कर्म

## पहले पिता भी कर चुका है बच्ची का यौन उत्पीड़न...

**मुंबई :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक 17 साल की लड़की से उसके पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। आरोपी पड़ोसी ने एक महीने की अवधि में लड़की के साथ कथित रूप से बार-बार दुष्कर्म किया था। लड़की की मां काम के लिए बाहर जाती थी। इसलिए वह नबालिग की सुरक्षा के लिए घर में उसे घर में बंद कर देती थी। घर की चाबी पड़ोसी को दे कर जाती थी। आरोपी इस दौरान घर में घुस जाता था और नाबालिग से दुष्कर्म करता था। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मां ने काम पर जाने से पहले उसे घर पर बंद करना शुरू कर दिया था क्योंकि नाबालिग के पिता ने तीन महीने पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था।

**पीड़िता के पिता ने भी किया था दुष्कर्म**

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता और आरोपी शहर के दाईघर इलाके में रहते हैं। यह घटना दिसंबर के दौरान की गई थी। नाबालिग ने गुरुवार रात शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर पुलिस ने शुक्रवार तड़के आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। शिकायत के अनुसार पीड़िता की माँ एक स्थानीय मदरसे में रसोइया के रूप में काम करती है। वह शाम को भी कहीं और काम करती है। इसलिए वह पीड़िता को घर में बंद कर के जाती थी। पीड़िता के पिता ने तीन महीने पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था और इस संबंध में शिकायत दर्ज की गई थी।



हालांकि घटना के बाद लड़की की मां ने शाम को काम पर जाने से पहले उसे घर में बंद कर दिया था। वह चाबियां उस दर्जी को सौंप देती थी जो उसके घर के सामने रहता था।'

**जान से मारने की धमकी देकर किया दुष्कर्म**

पिछले महीने जब पीड़िता अपने कपड़े सिलवाने के लिए उसके पास गई तो आरोपी ने सबसे पहले उसका यौन उत्पीड़न किया। तो वहीं पीड़िता को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। उसके बाद जब भी पीड़िता की मां दर्जी को चाबी सौंपकर काम के लिए बाहर जाती तो वह बच्ची को जबरन अपने घर ले जाता था। उसके साथ दुष्कर्म करता था। चूंकि लड़की दर्जी की धमकी से डरी हुई थी इसलिए उसने किसी के सामने अपनी आपबीती नहीं बताई थी।

# नासिक में देह व्यापार का भंडाफोड़

## 5 महिला और 3 पुरुष पकड़े गए

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक में धड़ल्ले से चल रहे एक वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। आरोप है कि शहर के एक प्रतिष्ठित होटल के पास स्थित बंगला वेश्यावृत्ति का ठिकाना बन गया था। नासिक का द्वारका क्षेत्र शहर के सबसे व्यस्त स्थान के रूप में जाना जाता है। जहां एक बंगले में वेश्यावृत्ति कारोबार को चलाया जा रहा था। हालांकि पुलिस की कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने संतोष जताया है। इस मामले में चौका देने वाली बात यह है कि जजिस बंगले में वेश्यावृत्ति कारोबार चलाया जा रहा था, वहां से कुछ ही दूरी पर पुलिस चौकी मौजूद हैं। लेकिन फिर भी यहां वेश्यावृत्ति जोरों पर चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई नाका थाने की टीम ने यहां बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से तीन पुरुष समेत पांच महिलाओं को हिरासत में लिया है और हजारों रुपये का सामान जब्त किया है।



नासिक सिटी पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर मुंबई नाका पुलिस ने यह कार्रवाई की है। कुल आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनके मोबाइल, दोपहिया वाहन और अन्य कीमती सामान जब्त किया गया है। यह वेश्यावृत्ति कारोबार शहर के बहुत व्यस्त इलाके में मुंबई-आगरा हाईवे के पास चल रहा था। पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है और कई तरह की चर्चाएँ शुरू हो गई है। नासिक शहर में पहले भी मसाज पार्लर के नाम पर चल रहे कई देह व्यापार का पदार्फाश हुआ है। बताया जा रहा है कि वेश्यावृत्ति चलाने में राज्य के बाहर की महिलाओं की बड़ी भागीदारी होती है।

## मनपा अधिकारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार



**कल्याण :** कल्याण डोंबिवली मनपा के सहायक सुरक्षा अधिकारी भरत बुले को एंटी करप्सन ब्यूरो द्वारा एक निजी सुरक्षा रक्षक से एक हजार रुपए की घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। बता दें कि भ्रष्टाचार में कल्याण डोंबिवली मनपा हमेशा से अग्रणी रही है तथा मनपा की स्थापना से अब तक 38 कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हो चुके हैं। ठाणे एंटी करप्सन ब्यूरो की टीम ने शनिवार को भरत बुले को एक हजार रुपए लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। कल्याण डोंबिवली मनपा ने कहीं-कहीं पर निजी सुरक्षा रक्षकोंको भी काम पर रखा है, इसी क्रम में होमी बाबा टेकड़ी पर एक निजीसुरक्षा रक्षक कार्यरत था जिससे भरतबुले ने 2 हजार रुपए हर माह देनेकी मांग की थी तथा उसके लिए वहउस निजी सुरक्षा रक्षक को बार-बार फोन करके पैसे की मांग करता था, इससे तंग आकर निजी सुरक्षा रक्षक ने इसकी शिकायत एंटी करप्सन विभाग में कर दी नतीजन भरत बुले रंगे हाथों गिरफ्तार हुए हैं।...

## परे की पावर और ट्रैफिक ब्लॉक होने के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

**मुंबई।** रविवार को डाउन लाइन पर डुंगरी-बिलीमोरा सेक्शन में पुल संख्या 352 और बिलीमोरा-अमलसाड सेक्शन में पुल संख्या 368 के लिए अप्रोच मार्गों के सुदृढ़ीकरण कार्य के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। यह ब्लॉक पुल संख्या 352 के लिए 09.45 बजे से 14.15 बजे तक तथा पुल संख्या 368 के लिए 09.55 से 14.25 बजे तक रहेगा। पश्चिम रेलवे (परे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

**रेगुलेट होने वाली ट्रेनें**

1. 22 जनवरी की ट्रेन संख्या 19015 दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस को 1 घंटा 15 मिनट रेगुलेट किया जाएगा।
2. 22 जनवरी की ट्रेन संख्या 12471 बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्वराज एक्सप्रेस को 40 मिनट रेगुलेट किया जाएगा।

## ट्रैफिक ब्लॉक के चलते गाड़ियां प्रभावित

**मुंबई।** सोलापुर मंडल के दौंड - मनमाड रेलमार्ग के कोपरगांव तथा कान्हेगांव स्टेशनों के बीच ब्लॉक लेकर रेल मार्ग दोहरीकरण से संबंधित विभिन्न आवश्यक तकनीकी कार्य किए जाएंगे। इस कारण 21 से 28 जनवरी तक गाड़ी संख्या 11409 दौंड-निजामाबाद डेमू तथा 22 से 30 जनवरी तक गाडी संख्या 11410 निजामाबाद - पुणे डेमू रद्द रहेगी। जबकि दिनांक 26, 27 जनवरी को कोल्हापुर से रवाना होनेवाली गाडी संख्या 11039 कोल्हापुर - गोंदिया महाराष्ट्र एक्सप्रेस तथा दिनांक 28, 29 जनवरी को गोंदिया से रवाना होनेवाली गाड़ी संख्या 11040 गोंदिया-कोल्हापुर महाराष्ट्र एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी।

इसी प्रकार 27 जनवरी को हजरत निजामुद्दीन से रवाना होनेवाली गाड़ी संख्या 12630 हजरत निजामुद्दीन - यशवंतपुर, गाड़ी संख्या 12780 हजरत निजामुद्दीन-वास्को गोवा तथा वास्को से रवाना होनेवाली गाड़ी संख्या 12779 वास्को- हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संत हिरदाराम नगर-मक्सी -नागदा -रतलाम- वडोदरा-वसई रोड -पनवेल- कर्जत-लोनावला पुणे होकर चलेगी। इसी तरह 26 जनवरी को हावड़ा से रवाना होनेवाली गाड़ी संख्या 12130 हावड़ा-पुणे, दिनांक 27 जनवरी को हटिया से रवाना होनेवाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस नागपुर से परिवर्तित मार्ग नागपुर-बल्लारशाह-काजीपेट-सिकंदराबाद-वाडी-दौंड होकर चलेगी। 27 जनवरी को दानापुर से रवाना होनेवाली गाड़ी संख्या 12150 दानापुर - पुणे, दिनांक 28 जनवरी को पुणे से रवाना होनेवाली 12221 हावड़ा- पुणे एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पुणे-लोनावला-पनवेल-कल्याण-इगतपुरी-मनमाड होकर चलेगी। इसी प्रकार 28 जनवरी को पुणे से चलनेवाली गाड़ी संख्या पुणे-जम्मूतवी झेलम एक्सप्रेस अपने निर्धारित प्रस्थान समय 17.20 के स्थान पर 23.20 बजे रवाना होगी तथा गाड़ी संख्या 12113 पुणे-नागपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित प्रस्थान समय 17.35 के स्थान पर 23.35 बजे रवाना होगी। जबकि गाड़ी संख्या 12129 पुणे-हावड़ा आजादहिंद एक्सप्रेस अपने निर्धारित प्रस्थान समय 18.35 के स्थान पर 23.55 बजे रवाना होगी।

# पवार की प्रशंसा कर सीएम ने चौंकाया

## बोले– मुझे अक्सर कॉल करते हैं, उनके योगदान को नहीं कर सकते नजरअंदाज

**पुणे/मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सहकारी क्षेत्र में उनके (पवार के) योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एकनाथ शिंदे ने पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट (वीएसआई) की 46वीं वार्षिक आम बैठक में यह बात कही। इस मौके पर शरद पवार भी उनके साथ मंच पर मौजूद थे। शरद पवार वीएसआई के अध्यक्ष हैं। इस बयान को लेकर तरह-तरह के सियासी कयास लगाए जाने लगे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'शरद पवार राज्य और राष्ट्रीय स्तर के एक अनुभवी नेता हैं। सहकारी क्षेत्र में उनका योगदान बहुत बड़ा है और इसे



नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।' उन्होंने कहा कि लोगों के हित में और राज्य के कल्याण के लिए, जो भी सत्ता में है, पवार मार्गदर्शन और सुझावों के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं।

शिंदे ने कहा, 'सुझाव और सलाह देने के लिए वह अक्सर मुझे टेलीफोन करते हैं।' शिंदे ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र ने देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसके महत्व को समझते हुए केंद्र ने इस क्षेत्र के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया है। उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में सहकारी क्षेत्र को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया है।' एकनाथ शिंदे ने लाभ अथवा हानि की परवाह किए बिना संकट के समय भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का पालन करने के लिए सहकारी क्षेत्र की सराहना की।

**'सहकारिता क्षेत्र के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है सरकार'**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सहकारिता क्षेत्र के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में कुल 2.5 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि को सिंचित भूमि में बदला जाएगा।


इस अवसर पर शरद पवार ने कहा कि चीनी के कारखानों को मजबूत करने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए चीनी के अलावा अन्य उत्पादों के उत्पादन पर ध्यान देना समय की आवश्यकता है।

**'चीनी का उपयोग इथेनॉल उत्पादन के लिए किया जाना चाहिए'**

एनसीपी प्रमुख ने कहा, 'अतिरिक्त चीनी का उपयोग इथेनॉल उत्पादन के लिए किया जाना चाहिए।' एकनाथ शिंदे ने इस कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों को बेहतर बुनियादी ढांचा और सब्सिडी मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा, 'दावोस में निवेशकों ने भारत और महाराष्ट्र में रुचि दिखाई है और उन्हें विश्वास है कि हमारे यहां परिस्थितियां निवेशकों के अनुकूल हैं।

## अवैध रूप से रेती उत्खनन करने वाले पर कार्रवाई...!

**ठाणे :** जिले में गौण खनिज के अवैध उत्खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई शुरू है। आज मुंब्रा एवं काल्हेर से कोन खाड़ी के बीच चलाये गये अभियान में पांच बार्ज एवं 2 सकक्शन पंप करीब 97 लाख का माल नष्ट कर दिया गया है। जिलाधिकारी अशोक शिंगारे एवं अपर जिलाधिकारी मनीषा जायभाये के निर्देशानुसार जिले में रेती शाखा, तहसीलदार, तलाठी एवं मंडल अधिकारियों की टीम ने जिले में अवैध गौण खनिज खनन के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अनुमंडल पदाधिकारी भिवंडी के आदेश पर तलाठी, मंडल पदाधिकारी आदि का



दल आज मौजे काल्हेर से कोन खाड़ी तक गश्त पर निकला था। इस समय खाड़ी में अवैध रूप से रेत पंप करने वाले दो बार्ज और एकसकक्शन पंप पाए गए। टीम की भनक लगते ही नाव पर सवार लोग भाग खड़े हुए। बार्ज कीगहरी दीवार होने केकारण उसेबाहर लाना मुश्किल काम थाइसलिए, बार्ज और सेक्शन पम्प को खाड़ी में डूबा दिया गया। इस सामान की कीमत करीब 27 लाख रुपये बताई गयी है।

# महाराष्ट्र में शिंदे सरकार का काउंटडाउन शुरू... !

### वैलेनटाइन डे पर होगा 'खेला', नाना पटोले और अमोल मिटकरी का दावा

**मुंबई:** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार को अवैध करार देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू है। इसी बीच एनसीपी के विधायक अमोल मिटकरी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि शिंदे फडणवीस सरकार का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। महाराष्ट्र में जल्द बड़ी राजनीतिक उठापटक होने वाली है और उसके बाद यह सरकार गिर जाएगी। अमोल मिटकरी ने दावा किया है कि शिंदे सरकार में यह बड़ी उथलपुथल होने वाली है। इस संबंध में अमोल मिटकरी ने एक ट्वीट भी किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि आने वाली शिवजयंती के पहले महाराष्ट्र में बड़ी सियासी हलचल होने वाली है। आगामी 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की



जयंती है। ऐसे में अमोल मिटकरी के मुताबिक राज्य में एक महीने के भीतर बड़ी सियासी हलचल हो सकती है। मिटकरी के ट्वीट को लेकर महाराष्ट्र कि सियासत में चचाओं और अटकलों का दौर शुरू है।

ऐसा ही दावा महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले किया है। उन्होंने कहा कि आगामी 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर यह सरकार गिर जाएगी। वहीं नितिन देशमुख ने भी इसी तरह का दावा किया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के सत्ता संघर्ष की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में शुरू है। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर अपना फैसला सुनाएगा। उसी समय शिंदे गुट के 16 विधायक अपात्र हो जाएंगे और यह सरकार गिर जाएगी।

#### चुनाव आयोग की सुनवाई कब ?

**शिवसेना पार्टी किसकी और पार्टी का चुनाव चिन्ह धनुष- बाण पर किसका अधिकार? इसको लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग के में एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट के बीच में जंग शुरू है। आगामी 30 जनवरी को इस संदर्भ में चुनाव आयोग में महत्वपूर्ण सुनवाई होनी है। अब तक की सुनवाई और दलीलों के मुताबिक ठाकरे गुट का पलड़ा ज्यादा भारी नजर आ रहा है। पिछली सुनवाई के दौरान ठाकरे गुट के वकील कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत ने जोरदार बहस की थी। जिसमें उन्होंने पार्टी संविधान, पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रतिनिधि सभा जैसे अनेक मुद्दों पर प्रकाश डाला गया था। वहीं एकनाथ शिंदे गुट के भी वकील महेश जेठमलानी और मनिंदर सिंह ने भी जोरदार बहस की थी।**

# मुंबई के गोवंडी इलाके में पुलिस की बड़ी कार्रवाई...

## 23 लाख रुपये की ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार

**गोवंडी :** मुंबई पुलिस ने गोवंडी इलाके में दो ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 23 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. हाल ही में एंटी नारकोटिक्स सेल की घाटकोपर यूनिट ने माहिम और विरार इलाके से 610 ग्राम MD ड्रग्स बरामद किया था. पुलिस ने 3 ड्रग्स पैडलर्स के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था.




मुंबई पुलिस ने अफ्रीकन महिला ड्रग्स पैडलर्स सहित कुल 3 लोगों को गिरफ्तार किया था. पुलिस का कहना है था कि आरोपी ड्रग्स पैडलर्स मुंबई की कई जगहों पर ड्रग्स की तस्करी करते थे.

**भट्टियों में जलाई गई थी ड्रग्स**

मालूम हो कि मुंबई सीमा शुल्क जोन-III ने बीते दिनों 140.57 किलोग्राम ड्रग्स को नष्ट किया था. नवी मुंबई के तलोजा में बने मुंबई वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड की इंसीनेरेशन फैसिलिटी (भट्टी) में मादक पदार्थों को जला दिया गया था. जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत करीब 538 करोड़ रुपए आंकी गई थी.

# मुंबई पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग्स-कंट्राबेंड जब्त की

**मुंबई :** मुंबई पुलिस की नारकोटिक्स रोधी प्रकोष्ठ ने एक व्यक्ति के पास से एक करोड़ 30 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया है. पुलिस ने 325.1 ग्राम वजनी ''उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन'' बरामद की है. साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 लाख 60 हजार रुपये नकद बरामद किया है. पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है. इससे पहले शुक्रवार को मुंबई पुलिस ने कहा कि उन्होंने डिंडोशी और मुंबई के अन्य हिस्सों में प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. ''हमने एमडी ड्रग्स की एक बड़ी मात्रा जब्त की थी, जिसे आमतौर पर एक्स्टसी के रूप में जाना जाता है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त किए गए कॉन्ट्राबेंड का अनुमानित मूल्य 20 लाख रुपये से अधिक था. तब से हम कॉन्ट्राबेंड की आपूर्ति में



शामिल लोगों की तलाश कर रहे हैं. पुलिस ने गुरुवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया. इसके बाद उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया.

**मुंबई में नए साल एक हजार करोड़ की ड्रग्स पकड़ी**

मुंबई के आजाद मैदान में एंटी नारकोटिक्स सेल ने मे सैल के दो दिन पहले फेन्टानाइल नाम का ड्रग्स पकड़ा था. ड्रग्स द्रव्य अवस्था में चार ड्रमों में भरकर ले जाया जा रहा था. इस ड्रग्स की कीमत करीब एक हजार करोड़ रुपये आंकी गई थी. इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. एंटी नारकोटिक्स सेल के डीसीपी शिवदीप लांडे ने बताया भारतीय बाजार में एक किलो फेन्टानाइल ड्रग्स की कीमत 12 करोड़ रुपये है. जब्त माल की कुल कीमत एक हजार करोड़ रुपये के करीब है.

**दिल्ली पुलिस ने पकड़ी थी 28 करोड़ की ड्रग्स**

दिल्ली पुलिस ने 14 दिसंबर 2022 को नए साल से पहले रेव पार्टी में इस्तेमाल होने वाली ड्रग्स बरामद की थी. पुलिस ने 'मलाना क्रीम' कही जाने वाली पार्टी ड्रग्स बरामद की है. इसकी दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा में खपत होनी थी. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू से लाई जा रही 28 करोड़ की कीमत वाली 30 किलो ए ग्रेड की हशीश नाम की ड्रग्स बरामद की है. पंजाब के रहने वाले राजेश नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था.

# साफ-सफाई पर नजर !

### मुंबई को स्वच्छता रैंकिंग में लाने की कोशिश तेज, BMC ने उठाए शहर साफ रखने के लिए कदम

**मुंबई :** हर साल केंद्र सरकार की तरफ से देश के अलग-अलग शहरों को दिए जाने वाले स्वच्छता रैंकिंग में मुंबई शहर टॉप 10 की लिस्ट से बाहर रहता है. अब इसे लेकर बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) ने स्वच्छता अभियान को लेकर कदम उठाने का फैसला किया है. इसके तहत होटेल्स, स्कूल, हॉस्पिटल, सोसायटी, सरकारी कार्यालय, मार्केट की मदद भी ली जाएगी. इससे पहले भी कई बार मुंबई में इस तरह के अभियान चलाए गए हैं. बता दें कि, मुंबई शहर के कई क्षेत्रों में बीएमसी ने स्वच्छता कॉम्पिटिशन करने का एलान किया है. जीतने वाले को इनाम और प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा. स्वच्छता कॉम्पिटिशन में लोग 29 जनवरी, 2023 तक शामिल हो सकते हैं. दरअसल, मुंबई शहर में जगह जगह सौचालय और कुड़ादान रखने




के बावजूद शहर में गंदगी कम होने का नाम नही लेती हैं. इसी को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है.

**स्वच्छता सर्वे में भाग लेगी BMC**

बीएमसी की तरफ से सालभर में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी स्वच्छता की रैंकिंग में मुंबई का स्थान देश के अन्य शहरों से काफी पीछे रहता है. जबकि मुंबई से सटे नवी मुंबई को देश के स्वच्छ शहरों में जगह मिलती है क्योंकि नवी मुंबई के हर इलाके में नियमित रूप से साफ सफाई होती रहती है. अब स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में बीएमसी भाग ले रही है.

**क्रिएटिव तरीके अपनाएगी BMC**

केंद्र सरकार के आदेशानुसार और बीएमसी आयुक्त आईएस चहल के मार्गदर्शन में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए शहर के सभी 24 वार्डों में कॉम्पिटिशन कराया जा रहा है. वहीं, बीएमसी मुंबई में स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए बीएमसी जिंगल, पोस्टर, विडियो, वॉल पेंटिंग और स्वच्छ टेक्नॉलजी चैलेंज के जरिए लोगों तक पहुंचेगी. इस कंपटीशन के लिए बीएमसी ने 'यूनाइटेड वे मुंबई' संस्था की नियुक्ति की है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com